झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या–12/2023
झारखण्ड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023
आवश्यक सूचना

झारखण्ड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 दिनांक–**28.07.2024** को राज्य के राँची जिला में अवस्थित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जायेगी।

2. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने संबंधी सूचना आयोग के अधिकृत वेबसाईट www.jssc.nic.in पर यथा शीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

3. संबंधित परीक्षा के प्रकाशित विज्ञापन से संबद्ध विवरणिका में अंकित प्रावधानों के आलोक में 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक निःशक्तता वाले अंधापन एवं कम दृष्टि, चलन निःशक्तता (दोनों हाथ प्रभावित) तथा सेरेब्रल पाल्सी की कोटि के अभ्यर्थी एवं इसके अतिरिक्त निःशक्त कोटि के अन्य अभ्यर्थियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन द्वारा लिखने में शारीरिक अक्षमता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने जाने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा स्क्राइब की सुविधा प्रदान की जाएगी।

4. श्रुतलेखक/स्क्राइब की सुविधा हेतु संबंधित अभ्यर्थी संलग्न विहित प्रपत्र में दिनांक–**18.07.2024** तक आयोग कार्यालय में आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अवधि के पश्चात समर्पित किए जाने वाले आवेदनों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को बिना श्रुतलेखक/स्क्राइब के ही परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

5. आयोग परीक्षा आयोजन के उपरांत अल्पसूचना (Short Notice) के आधार पर प्रमाण पत्रों की जाँच करा सकता है। अतएव अभ्यर्थी विवरणिका में अंकित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताओं/शर्त्तों के अनुरूप प्रमाण पत्र तैयार रखें।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।